Regarding opening of Agriculture Universities at Majhi and Bhagwanpur Haat Krishi Vigyan Kendras in Maharajganj Parliamentary Constituency - laid

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल **(महाराजगंज):** मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज लोकसभा बिहार एक कृषि बाहुल्य क्षेत्र है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत सारण छपरा जिला के मांझी एवं सिवान जिला के भगवानपुरहाट में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद आईसीएआर द्वारा स्थापित एक-एक कृषि विज्ञान केंद्र संचालित है। कृषि बावली क्षेत्र होने के नाते यहां के किसान एवं जनता की इच्छा होती है कि आज की आधुनिक युग में अपने बच्चों को कृषि से संबंधित शिक्षा दिलवाई जाए जिससे कि उनके बच्चे कृषि के क्षेत्र में ही अपने भविष्य को आगे बढ़ाते हुए किसानों को उन्नत तरीके से खेती करने में अपना सहयोग प्रदान कर सकें इसलिए हमारे क्षेत्र की जनता चाहती है कि उपर्युक्त दोनों कृषि विज्ञान केदो में कृषि महाविद्यालय खुलवाया जाए। इन केन्द्रों के पास पर्याप्त जमीन उपलब्ध है। अतः माननीय कृषि कल्याण मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के मांझी और भगवानपुर हाट में स्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों में एक-एक कृषि महाविद्यालय खुलवाया जाए।